कितना प्यार करते है रोहित वर्मा अपनी टीम और देश से क्योंकि इंग्लैंड घूमने आए थे लेकिन उसके बजाई टीम मुश्किल में खड़ी है तो उनको सपोर्ट करने सीधे मैदान में पहुंच गए। - **बेन स्टोक्स**

इंग्लैंड के बल्लेबाज, रोहित शर्मा की तारीफ करते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी — **सचिन तेंदुलकर**

लीजेंड बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने उन कुछ भारतीय खिलाड़ियों की सराहना की है, जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में अहम भूमिका निभाई। यह सीरीज, आखिरी दिन के दिल थाम देने वाले अंत के बाद 2-2 से बराबरी पर खत्म हुई। तेंदुलकर ने अविश्वसनीय मोहम्मद सिराज की तारीफ की, केएल राहुल के ऑफ स्टंप के आसपास अपने खेल को सटीक फ़ुटवर्क के साथ कसने की बात कही, यशस्वी जायसवाल के दोहरे शतकों, जज्बा और परिपक्वता की चर्चा की और शुभमन गिल के कप्तान के रूप में शांत और संयमित रहने की भी तारीफ की।

क्या आप जानते हैं ?... इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ 2018 के बाद कोई टेस्ट सीरीज नहीं जीती है, उसके बाद 2 भारत ने जीतीं, 2 ड्रॉ रहीं हैं।

ऑस्ट्रेलिया महिला ए टीम ने इंडिया ए को 13 रनों से हराया

मकाय, 7 अगस्त। अनिका लीरॉइड (नाबाद 50) के बाद एमी एडगर और सियाना जिंजर (दो-दो विकेट) के शानदार प्रदर्शन के दम पर ऑस्ट्रेलिया महिला ए टीम ने गुरुवार को पहले टी-20 मुकाबले में इंडिया ए को 13 रनों से हरा दिया। 138 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंडिया ए की शुरुआत बेहद धीमी रही और उसने चौथे ओवर की पहली गेंद पर शेफाली वर्मा (तीन) का विकेट गंवा दिया। उस समय टीम का स्कोर 13 रन था। इसके बाद धारा गुज्जर (सात), दिनेश वृंदा (पांच) रन बनाकर आउट हुई। 12वें ओवर में उमा छेत्री (31) रन बनाकर चौथे विकेट के रूप में आउट हुई। इसके बाद राघवी बिष्ट और कप्तान राधा यादव ने पारी को संभालने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों के बीच पांचवें विकेट के लिए 52 रनों की साझेदारी हुई। 17वें ओवर में सियाना जिंजर ने राघवी बिष्ट को आउट कर इंडिया ए के मैच जीतने की उम्मीदों को झटका दिया। राघवी बिष्ट ने 20 गेंदों में दो चौके और दो छक्के लगाते हुए 33 रनों की पारी खेली। इसके बाद ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने कसी हुई गेंदबाजी की और भारतीय टीम निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 124 रन ही बना सकी और 13 रनों से मुकाबला हार गई। राधा यादव ने 22 गेंदों में तीन चौकों की मदद से नाबाद 26 रन बनाये। सजीवन सजना सात रन बनाकर नाबाद रही। ऑस्ट्रेलिया ए की ओर से एमी एडगर और सियाना जिंजर ने दो-दो विकेट लिये। टेस फ्लिंटॉफ ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

करौली जिला टीम की ओपन चयन ट्रायल आज

जयपुर, 7 अगस्त। आरसीए के तत्वाधान में आयोजित होने वाली आगामी 11 अगस्त से राज्य के विभिन्न जिला केन्द्रोपर आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय सीनियर महिला क्रिकेट प्रतियोगिता व आगामी राज्य स्तरीय अंडर 19 डूंगरपुर क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने वाली करौली जिला क्रिकेट संघ टीम के चयन हेतु आरसीए द्वारा चयन ट्रायल आगामी 8 अगस्त को जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम स्थित आरसीए अकादमी पर आयोजन किया जायेगा। **चयन ट्रायल में भाग लेने हेतु खिलाडियों को निम्नलिखित मूल दस्तावेज साथ लाना आवश्यक है :-** कंप्यूटर जनित जन्म प्रमाण पत्र (अनिवार्य), बोनाफाइड प्रमाण पत्र (अनिवार्य), पिछले तीन वर्षों की शिक्षा की अंकतालिका (अनिवार्य), आधार कार्ड/ वोटर आईडी/ ड्राइविंग लाइसेंस/ पासपोर्ट/ पैन कार्ड। अंडर 19 चयन ट्रायल में वो ही खिलाडी भाग ले सकते हैं जिनका जन्म दिनांक 01 /09/ 2006 या उसके पश्चात हो।

तारिक ने सनसिटी जोधपुर ऑल इंडिया चैम्पियनशिप में मारा रजत पदक

जयपुर, 7 अगस्त। जगतपुरा शूटिंग रेंज में आयोजित हुई सनसिटी जोधपुर ऑल इंडिया चैंपियनशिप में जयपुर राजस्थान राइफल एसोसिएशन शूटिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया जिसमें प्रदेश भर के निशानेबाजों ने अपनी अपनी कैटेगरी में निशाने साधे । जयपुर के मोहम्मद तारिक शम्सी ने टीम .22 राइफल में 6 राउंड 600 में से 591 अंक हासिल किया और टीम में सिल्वर मेडल हासिल किया । साथ ही उन्होंने व्यक्तिगत रूप से कांस्य पदक भी हासिल किया। मोहम्मद तारिक ने बताया उनका लक्ष्य नेशनल में बेहतर प्रदर्शन करना है और उसकी तैयारी उन्होंने शुरू कर दी है साथ उन्होंने कहा की और बेहतर निशानेबाजी हो सकती थी यदि उनके खुद का अपना वेपन उनके साथ होता तो गोल्ड प्रब्लगता निशाना । परंतु अपना वेपन नहीं होने की वजह से सिल्वर मेडल पर सबर किया अगली बार नेशनल में गोल्ड मेडल पर निशाना साधेंगे।

पद्मश्री डॉ. कृष्णा पूनियां एथलेटिक्स सलेक्शन कमेटी की सदस्य नियुक्त

जयपुर, 7 अगस्त। एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा ओलम्पियन व राजस्थान राज्य खेल परिषद की पूर्व अध्यक्ष डॉ. कृष्णा पूनिया को भारतीय एथलेटिक्स सीनियर सलेक्शन कमेटी का सदस्य नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति वर्ष 2025-26 के लिए की गई है। दिल्ली कॉमनवेल्थ खेल 2010 में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारत की पहली महिला एथलीट डॉ. कृष्णा पूनिया के कार्यकाल के दौरान भारतीय टीम वल्र्ड एथलेटिक्स चैम्पियनशिप, कॉमनवेल्थ खेल, एशियाई खेल और साउथ एशियाई खेलों का आयोजन होगा। एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष बहादूर सिंह सागू ने बताया कि डॉ. पूनिया का चयन निर्विरोध रूप से चंडीगढ में आयोजित हुई एएफआई की बैठक में किया गया। यह चयन भारतीय एथलेटिक्स के विकास के लिए किया गया है। उन्होने कहा कि डॉ. पूनिया को सीनियर चयन समिति का सदस्य नियुक्त करने पर उन्हे काफी खुशी हो रही है। उन्होने बताया कि डॉ. पूनिया को भुवनेश्वर, उड़ीसा में 10 अगस्त को आयोजित होने वाली वल्र्ड एथलेटिक्स कोंटिनेंटल टूर ब्रोज के लिए भी आमंत्रित किया गया है। इसमें 10 देशों के 60 एथलीट भाग लेगें।

शुभमन गिल को उत्तर क्षेत्र की कमान

नई दिल्ली, 7 अगस्त। भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान शुभमन गिल को आगामी दलीप ट्रॉफी 2025-26 के लिए उत्तर क्षेत्र की कमान सौंपी गई। चयनकर्ताओं ने आज शुभमन गिल की अगुवाई में दलीप ट्रॉफी के लिए उत्तर क्षेत्र की 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है।

इस दौरान हुए विचार विमर्श के बाद यह फैसला लिया गया कि अगर भारतीय टीम की सीरीज और दलीप ट्रॉफी मैचों का आपस में टकराव होता है तो शुभमन गिल की जगह शुभमन रोहिता, अर्शदीप सिंहे की जगह गुरनूर बरार तथा हर्षित राणा की जगह अर्जुन ठकराल उत्तर क्षेत्र की ओर से खेलेंगे। दलीप ट्राफी के लिए उत्तर क्षेत्र टीम इस प्रकार है:- शुभमन गिल (कप्तान), शुभमन खजुरिया, अंकित कुमार (उपकप्तान), आयुष बदौनी, यश ढुल, अंकित कलसी, निशांत सिंधु, साहिल लोतरा, मयंक डागर, युद्धवीर सिंह चरक, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, अंशुल काम्बोज, अुकब नबी, कन्हैया वाधवन (विकेटकीपर)

ध्रुव जुरेल को सौंपी सेंट्रल जोन की कप्तानी

उत्तर प्रदेश के ध्रुव जुरेल की कप्तानी में मध्य क्षेत्र की टीम दलीप ट्राफी में मैदान संभालेगी। मध्य प्रदेश के रजत पाटीदार टीम के उपकप्तान होंगे। टीम में बीसीसीआई के केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ी रिंकू सिंह विदर्भ को रणजी चैंपियन बनाने वाले कप्तान अक्षय वाडकर गत सत्र में जोरदार बल्लेबाजी करने वाले करुण नायर के अलावा आक्रामक बल्लेबाज वेंकटेश अय्यर को मौका नहीं मिला है। उत्तर प्रदेश के ध्रुव जुरेल की कप्तानी में मध्य क्षेत्र की टीम दलीप ट्राफी में मैदान संभालेगी। मध्य प्रदेश के रजत पाटीदार टीम के उपकप्तान होंगे। टीम में बीसीसीआई के केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ी रिंकू सिंह, विदर्भ को रणजी चैंपियन बनाने वाले कप्तान अक्षय वाडकर, गत सत्र में जोरदार बल्लेबाजी करने वाले करुण नायर के अलावा आक्रामक बल्लेबाज वेंकटेश अय्यर को मौका नहीं मिला है।

मध्य क्षेत्र दिलीप ट्रॉफी टीम में राजस्थान के मानव, खलील व दीपक का चयन

महिपाल लोमरोर भी चुने गए सुरक्षित खिलाड़ी

जयपुर 7 अगस्त। आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक डी डी कुमावत ने बताया की बीसीसीआई के आगामी राष्ट्रिय दिलीप ट्रॉफी में भाग लेने वाली मध्य क्षेत्र टीम का चयन आज इंदौर के होल्कर स्टेडियममें राजस्थान के पूर्व रणजी खिलाडी राहुल कांवट की अध्यक्षता वाली सेंट्रल जोन चयन कमेटी ने किया।

सेंट्रल जोन चयन कमेटी ने आज दिलीप ट्रॉफी में भाग लेने वाली मध्य क्षेत्र टीम की कमान अंतर्राष्ट्रीय खिलाडी ध्रुव जुरेल को दी है। टीम में राजस्थान के मानव सुथार, खलील अहमद व दीपक चाहर को भी चुना गया है साथ ही राजस्थान के महिपाल लोमरोर को सुरक्षित खिलाडी चुना गया है। मध्य क्षेत्र टीम में राजस्थान के पूर्व रणजी खिलाडी व कोच विनीत सक्सेना को सहायक कोच व राजस्थान के फरीद अहमद को फिजियोभी नियुक्त किया गया। दिलीप ट्रॉफी में भाग लेने के लिए मध्य क्षेत्र टीम को आगामी दिनांक 25 अगस्त को रिपोर्ट करना होगा। आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक डी डी कुमावत, सदस्य पिंकेश पोरवाल, आशीष तिवारी, धनञ्जय सिंह व मोहित यादव ने दिलीप ट्रॉफी हेतु मध्य क्षेत्र टीम में चुने जाने के अवसर पर सभी चयनित खिलाडियों, सपोर्ट स्टाफ सहित सेंट्रल जोन चयन कमेटी अध्यक्ष राहुल कांवट को बधाई दी।

भारत ने जिस तरह सीरीज में बराबरी की, उसे देखकर रोमांचित हूं : गैरी कर्स्टन

नई दिल्ली, 7 अगस्त। पूर्व दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेटर और भारत की 2011 की विश्व कप विजेता टीम के कोच रहे गैरी कर्स्टन ने क्रिकेट पर ज्यादा सवालों के जवाब तो नहीं दिए लेकिन इतना जरूर कहा कि जिस तरह भारत ने इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज 2-2 से ड्रा खेली उसे देखकर वह रोमांचित हैं।

भारत ने द ओवल में खेले गए पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच में इंग्लैंड को छह रनों से हराकर शानदार अंदाज में सीरीज बराबर की। जो रूट और हैरी ब्रुक के शतकों ने इंग्लैंड को ऐतिहासिक लक्ष्य का पीछा करने के कगार पर ला खड़ा किया था, लेकिन पांचवें दिन दबाव में धारदार गेंदबाजी से भारतीय गेंदबाजों ने मैच का रुख पलट दिया।

अंतिम दिन की शुरुआत में, इंग्लैंड को चार विकेट शेष रहते केवल 35 रनों की आवश्यकता थी। प्रसिद्ध कृष्णा ने अपनी पहली दो गेंदों पर दो चौके खाये, जिससे भारतीय उम्मीदें कुछ देर के लिए डगमगा गईं। लेकिन मोहम्मद सिराज ने अपनी अदम्य ऊर्जा से, जेमी स्मिथ को एक ऐसी गेंद पर आउट करके मैच का रुख बदल दिया जो देर से सीम करती हुई आई थी, और अगली ही गेंद पर गस एटकिंसन को लगभग आउट कर दिया था। इसके बाद सिराज ने अपने अगले ओवर में जेमी ओवरटन को एलबीडब्ल्यू आउट कर दिया, गेंद लेग स्टंप से थोड़ा छूकर गई थी - रिव्यू पर अंपायर का फैसला बरकरार रहा।

प्रसिद्ध जोश टंग की परीक्षा लेने के लिए लौटे, उन्हें लगभग एलबीडब्ल्यू आउट कर ही दिया था, लेकिन रिव्यू ने टंग को कुछ समय के लिए बचाए रखा। हालांकि, कुछ ओवर बाद उन्होंने तेज़ गेंदबाजी करते हुए टंग को आउट कर दिया, जिससे इंग्लैंड के नौ रन पर नौ विकेट गिर गए।

जब 11 रन की ज़रूरत थी, तब इंग्लैंड की आखिरी उम्मीद क्रिस वोक्स पर टिकी थी, जो कंधे की चोट के बावजूद बाएं हाथ से बल्लेबाजी करने उतरे और सभी को चौंका दिया। एटकिंसन ने उन्हें बचाने की कोशिश की, यहां तक कि सिराज पर छक्का भी जड़ दिया। लेकिन यह प्रतिरोध ज़्यादा देर तक नहीं चला। सिराज ने एटकिंसन के डिफेंस को भेदते हुए यादगार पांच विकेट हासिल किए और भारत को जीत दिलाई।

पूर्व भारतीय कोच गैरी कर्स्टन ने वर्तमान कोच गौतम गंभीर और शुभमन गिल की अगुवाई वाली युवा टीम की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा, मैं भारतीय क्रिकेट टीम (इंग्लैंड में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए) और गौतम गंभीर के लिए भी खुश हूं। मैं उन्हें अच्छी तरह जानता हूं और इंग्लैंड में एक टीम के रूप में उन्होंने जो हासिल किया है उसे देखकर खुश हूं।

पाकिस्तान के पूर्व गेंदबाज को चुभी टीम इंडिया की जीत, बेईमानी का आरोप लगा उगला जहर

नई दिल्ली, 7 अगस्त। पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शब्बीर अहमद ने इंग्लैंड के खिलाफ ओवल में खेले गए एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच में भारत पर गेंद से छेड़छाड़ का आरोप लगाया। अहमद ने आईसीसी अंपायरों से आग्रह किया कि वे श्रृंखला के अंतिम मैच के चौथे और पाँचवें दिन भारत द्वारा इस्तेमाल की गई गेंद को लैब जाँच के लिए भेजें। अहमद की यह प्रतिक्रिया भारत द्वारा छह रनों से अपनी सबसे करीबी जीत दर्ज करने और पाँच मैचों की श्रृंखला 2-2 से बराबर करने के बाद आई है। हालाँकि, पाकिस्तान के पूर्व तेज़ गेंदबाज़ शब्बीर अहमद भारतीय तेज़ गेंदबाज़ों के कौशल की सराहना करने को तैयार नहीं थे। उन्होंने इसके बजाय, उन पर गेंद की चमक बनाए रखने के लिए वैसलीन का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया, भले ही वह पुरानी हो गई हो। पाकिस्तान के लिए 10 टेस्ट और 3 वनडे खेलने वाले इस पूर्व दुबले-पतले दाएँ हाथ के मध्यम गति के गेंदबाज़ ने पिच, बादलों से घिरी परिस्थितियों और सबसे बढ़कर, सिराज और कृष्णा की कला को पूरी तरह से नज़रअंदाज़ कर दिया।

भारत में अब और भी महिला सुपरस्टार हैं, लेकिन खुद को प्रस्तुत करना जानना होगा : सानिया मिर्जा

नई दिल्ली, 7 अगस्त। भारतीय टेनिस स्टार सानिया मिर्जा ने कहा कि देश में अब क्रिकेट के अलावा और भी महिला खेल सुपरस्टार हैं लेकिन यह जिम्मेदारी भी इन महिलाओं की है कि वे खुद को कैसे पेश करना चाहती हैं। सानिया ने कहा कि करीब 32 साल पहले जब उन्होंने गाय के गोबर से बने टेनिस कोर्ट पर खेलना शुरू किया था और एहतियात के तौर पर टिटनेस के इंजेक्शन लेती थीं। तब से देश में कई महिला सुपरस्टार निकली हैं। उन्होंने यहां 'द स्पोर्ट्स वुमैन' नाम की पैनल चर्चा में कहा, "तब भारत से एकमात्र महिला सुपरस्टार पीटी उषा थीं और उनके बारे में हमने बस सुना था, उन्हें कभी नहीं देखा क्योंकि उस समय कोई सोशल मीडिया, कोई मीडिया या कोई कवरेज नहीं था। " उन्होंने कहा, "आज जब हम ओलंपिक में या बाहर जाते हैं तो शायद तीन या चार पुरुष क्रिकेटरों के अलावा इस देश की खेलों में सबसे बड़ी सुपरस्टार महिला एथलीट हैं और इससे पिछले 50 साल में बहुत कुछ पता चलता है। " सानिया ने कहा कि देश की महिला खिलाड़ियों को दूसरी की अपेक्षाओं के बजाय खुद के लिए खेलने और अपनी प्रतिष्ठा का प्रतिनिधित्व करने पर जोर देना चाहिए। उन्होंने कहा, "क्या हम पुरुषों की दुनिया में रह रहे हैं?

दिल्ली उच्च न्यायालय ने बीएफआई चुनावों से संबंधित याचिकाओं में अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया

नई दिल्ली, 7 अगस्त। नई दिल्ली उच्च न्यायालय ने दिल्ली एमेच्योर बॉक्सिंग एसोसिएशन, हिमाचल प्रदेश बॉक्सिंग एसोसिएशन, गुजरात बॉक्सिंग एसोसिएशन और मध्य प्रदेश बॉक्सिंग एसोसिएशन द्वारा भारतीय बॉक्सिंग महासंघ (बीएफआई) के 21 अगस्त 2025 को होने वाले आगामी चुनावों के संबंध में दायर चार रिट याचिकाओं पर आज सुनवाई की।

दिल्ली एमेच्योर बॉक्सिंग एसोसिएशन ने चुनावों के संचालन पर विशेष रूप से अंतरिम रोक लगाने की मांग की, जबकि हिमाचल प्रदेश, गुजरात और मध्य प्रदेश के संघों ने बीएफआई के नए संविधान की वैधता को चुनौती देते हुए आरोप लगाया कि यह अधिकारों के परे है। इन संघों ने उक्त चुनावों के लिए एक नए रिटर्निंग ऑफिसर की नियुक्ति के निर्देश देने की भी प्रार्थना की।

हालांकि, न्यायालय ने याचिकाकर्ताओं को कोई अंतरिम राहत नहीं दी। न्यायालय ने निर्देश दिया है कि चुनाव वर्तमान रिट याचिकाओं के अंतिम परिणाम के अधीन रहेंगे।

बीएफआई की अंतरिम समिति की ओर से पेश वरिष्ठ वकील ने दलील दी कि 34 राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों की सदस्य इकाइयों में से 30 ने संशोधित संविधान को मंजूरी दे दी है, जिसे अंतरराष्ट्रीय शासी निकाय, विश्व मुक्केबाजी से भी मंजूरी मिल गई है। यह भी दलील दी गई कि अधिकांश सदस्य इकाइयां शीघ्र चुनाव कराने के पक्ष में हैं।

खेल परिषद ने टी-१० टेनिस बॉल क्रिकेट मैच आयोजन हेतु अनुमति निरस्त की : सिसोदिया

जयपुर, 7 अगस्त। राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद के सचिव राजेन्द्र सिंह सिसौदिया ने बताया कि क्रिकप्लेक्स स्पोर्ट्स मैनजमेंट प्राईवेट लिमिटेड, नोएडा, उत्तर प्रदेश के द्वारा राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के समक्ष प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर मिथ्या तथ्य प्रस्तुत कर नोटिस में अंकित तथ्यों को छिपाते हुए दिनांक 07.08. 2025 से दिनांक 13.08.2025 तक सवाई मानसिंह स्टेडियम के मुख्य क्रिकेट खेल मैदान पर टेनिस बॉल क्रिकेट मैच आयोजन हेतु अनुमति प्राप्त की गई थी।

सचिव राजेन्द्र सिंह सिसौदिया के अनुसार राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के संज्ञान में आया है कि क्रिकप्लेक्स स्पोर्ट्स मैनजमेंट प्राईवेट लिमिटेड पर धोखाधड़ी, मैच फिक्सिंग, सट्टेबाजी में सलिप्तता होने के कारण अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद एवं भारतीय क्रिकेट कन्ट्रोल बोर्ड के द्वारा प्रतिबन्ध लगाया हुआ है।

क्रिकप्लेक्स स्पोटर्स मैनजमेंट प्राईवेट लिमिटेड एवं निदेशक के विरुद्ध देश भर में वित्तीय धोखाधड़ी, मैच फिक्सिंग एवं सट्टेबाजी के मामलों में विभिन्न थानों में आपराधिक प्रकरण दर्ज है और क्रिकप्लेक्स स्पोर्ट्स मैनजमेंट प्राईवेट लिमिटेड के डायरेक्टर के द्वारा गुरुवार 7 अगस्त तक कार्यालय समय तक किसी भी प्रकार की बुकिंग राशि स्वरूप अग्रिम राशि जमा नहीं करवाई गई है।

इसके अलावा अनुमति प्राप्त करने हेतु कार्यालय में उपस्थित फर्म के प्रतिनिधि चिरंजीव दुबे की पहचान भी सर्दिग्ध पाई गई है। उपर्युक्त तथ्यों के सम्बन्ध में क्रिकप्लेक्स स्पोर्ट्स मैनजमेंट प्राईवेट लिमिटेड के डायरेक्टर को नोटिस जारी कर कहा गया है कि नीरज के. पवन, अध्यक्ष, राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के समक्ष अविलम्ब उपस्थित होकर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करे कि क्यों न मैच आयोजन हेतु जारी की गई अनुमति निरस्त कर दी जावें।

राजेन्द्र सिंह ने कहा कि क्रिकप्लेक्स स्पोर्ट्स मैनजमेंट प्राईवेट लिमिटेड के निदेशक को नोटिस द्वारा यह भी सूचित किया गया है कि इस कार्यालय के द्वारा पूर्व में जारी अनुमति को निरस्त मानते हुए किसी भी प्रकार के मैच का आयोजन नहीं किया जाएगा। क्रिकप्लेक्स स्पोर्ट्स मैनजमेंट प्राईवेट लिमिटेड को पहले जो भी अनुमति खेल परिषद द्वारा दी गई थी उसे निरस्त कर दिया गया है।

पांच भारतीय मुक्केबाजों ने पदक पक्का किया

बैंकॉक, 7 अगस्त। पांच भारतीय पुरुष मुक्केबाज गुरुवार को बैंकॉक, थाईलैंड में अंडर-19 एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2025 के सेमीफाइनल में अपनी सात महिला मुक्केबाज़ों के साथ शामिल होंगे। इन मुक्केबाज़ों ने अपने-अपने भार वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंचकर पदक पक्का कर लिया है। शिवम (55 किग्रा), मौसम सुहाग (65 किग्रा), राहुल कुंडू (75 किग्रा), गौरव (85 किग्रा) और हेमंत सांगवान (90 किग्रा) ने अपने प्रतिद्वंद्वियों को शानदार अंदाज़ में हराकर यह सुनिश्चित किया कि भारत अंडर-19 वर्ग में 12 पदक जीतकर लौटे। अंडर-19 और अंडर-22 एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप, जो एक साथ आयोजित की जा रही हैं।

स्पेन ने फीफा महिला विश्व रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया, बांग्लादेश भी ऊपर चढ़ा

ज़्यूरिख (स्विट्जरलैंड), 7 अगस्त। विश्व चैंपियन स्पेन (पहला स्थान, 1 अंक की बढ़त) ने यूईएफए महिला यूरो 2025 के फाइनल तक लगातार पांच जीत के साथ शानदार प्रदर्शन किया, जो उन्हें रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल करने के लिए पर्याप्त था, यह वह स्थान था जो उन्होंने पहले दिसंबर 2023 से जून 2024 तक हासिल किया था। इस प्रकार, अमेरिका (दूसरा स्थान, 1 अंक की गिरावट) अपने उस स्थान से खिसक गया है जिस पर वह अगस्त 2024 से काबिज था। हालांकि, इस दौरान घरेलू मैदान पर तीन मैत्रीपूर्ण मैचों में मिली जीत ने स्टार्स एंड स्ट्राइप्स को प्रतिस्पर्धा में बनाए रखा है, और अब वे ला रोजा से दो अंक से भी कम पीछे हैं।

जून में जारी रैंकिंग के बाद से शीर्ष 10 में भारी उथल-पुथल मची हुई है, जिसमें फ्रांस (छठे स्थान पर,4 अंक ऊपर) का प्रदर्शन सबसे अच्छा रहा है। लेस ब्लूज ने क्वार्टर फाइनल में जर्मनी से हारने से पहले यूरोपीय चैंपियनशिप में ग्रुप चरण में शानदार प्रदर्शन किया था।

ब्राज़ील (सातवें स्थान पर, 3 अंक नीचे) ने अपनी नौवीं महाद्वीपीय ट्रॉफी जीतने के बावजूद अपनी स्थिति खो दी है। टूर्नामेंट से पहले वे फ्रांस से हार गए थे, जिसके बाद सेलेकाओ को ग्रुप चरण में और फ़ाइनल में कड़ी मेहनत करने वाली कोलंबियाई टीम से दो ड्रॉ खेलने पड़े, और फिर पेनल्टी शूटआउट में जीत हासिल की।

एएफसी अंडर-17 एशियन कप 2026 क्वालीफायर भारत ग्रुप-डी में ताकतवर ईरान के साथ

नई दिल्ली, 7 अगस्त। मलेशिया के कुआलालंपुर स्थित एएफसी हाउस में आज हुए ड्रॉ के अनुसार, मेजबान भारत को एएफसी अंडर-17 एशियन कप सऊदी अरब 2026 क्वालीफायर के ग्रुप डी में इस्लामी गणराज्य ईरान, फिलिस्तीन, चीनी ताइपे और लेबनान के साथ रखा गया है। अहमदाबाद का द एरीना 22 से 30 नवंबर, 2025 तक क्वालीफायर के ग्रुप डी की मेजबानी करेगा। भारत क्वालीफायर की शुरुआत फिलिस्तीन (22 नवंबर) के खिलाफ मुकाबले से करेगा, उसके बाद चीनी ताइपे (26 नवंबर), लेबनान (28 नवंबर) और इस्लामी गणराज्य ईरान (30 नवंबर) से भिड़ेगा।

अंडर-16 राजस्थान बॉयज फुटबॉल लीग

तोईफ खान के 5 गोल से रॉयल फुटबाल क्लब ने जीत हासिल की

जयपुर, 7 अगस्त। राजस्थान फुटबॉल संघ के तत्वाधान में विद्याधर नगर स्थित फुटबॉल मैदान पर वीरवार को 4 मैच खेले गए राजस्थान फुटबाल संघ सचिव दिलीप सिंह शेखावत ने बताया कि अंडर - 15 खिलाड़ियों की यह लीग राजस्थान में पहली बार आयोजित की जा रही है जो तीन महीने तक चलेगी जिसमें राज्य के 10 प्रोफेशनल फुटबॉल क्लब कुल 90 मैच खेलेंगे। अब तक 30 मैच खेले जा चुके हैं।

पहला मैच :- फुटबाल क्लब ब्रदर्स यूनाइटेड एवं जयपुर यूनाइटेड फुटबॉल क्लब के बीच खेला गया, इस मुकाबले में राजस्थान यूनाइटेड ने 4- 0 से जीत हासिल की, विजेता टीम की तरफ से परवीन ऑरोन ने चार (47, 48, 87, 89) गोल किए गोल किया।

दूसरा मैच :- राजस्थान फुटबाल स्कूल एवं राजस्थान यूनाइटेड के मध्य खेला गया जिसमें राजस्थान फुटबाल स्कूल ने 9 - 0 से एकतरफा जीत हासिल की, विजेता टीम की तरफ से आरव 2 गोल, अभिषेक 3 गोल, युवराज 2 गोल, एंजो, ओर नील ने एक गोल किए।

तीसरा मैच :- रेड स्टोन फुटबाल क्लब एवं मेवाड़ स्पोर्ट्स फाउंडेशन के बीच खेला गया जिसमें मेवाड़ स्पोर्ट्स फाउंडेशन 2-1 से विजयी रहा, विजेता टीम की तरफ से दो गोल मस्तकीम ने 21, 54 मिनट, रेड स्टोन की तरफ से तुषार कुमार ने 54 मिनट में गोल किया।

चौथा मैच :- रॉयल फुटबाल क्लब एवं जयपुर बॉयज एंड गर्ल्स फुटबॉल एकेडमी के मध्य खेला गया जिसमें रॉयल फुटबॉल क्लब 5 - 3 से विजयी रहा, विजेता टीम की तरफ से पांचों गोल (21, 34, 53, 60, 63 मिनट) तोईफ खान ने किए, राजस्थान ब्वॉय ऐंड गर्ल की तरफ से हर्षवर्धन ने 18,35 मिनट व आवेश खान ने 8 मिनट पर गोल किए।

एचसीएल इंडिया टूर : पुरुष वर्ग का फाइनल शौहदी और गोहर के बीच

भारत की तन्वी फाइनल में पहुंची, खिताबी मुकाबला नूर खफागी से

जयपुर, 7 अगस्त। एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता भारत की तन्वी खन्ना ने अपना बेहतरीन प्रदर्शन जारी रखते हुए गुरुवार को यहां एसएमएस स्टेडियम कोर्ट्स पर खेले जा रहे एचसीएल इंडिया टूर स्क्वैश टूनार्मेंट के महिला वर्ग के फाइनल में प्रवेश कर लिया। क्वार्टर फाइनल में दूसरी वरीयता की मलेशियाई खिलाड़ी मेन्ना वालिद को हरा उलटफेर करने वाली भारतीय खिलाड़ी तन्वी खन्ना सेमी फाइनल मुकाबले में भी पूरी लय में दिखीं। उन्होंने मलेशिया की चौथी वरीयता की गोह झी झुआन को 25 मिनट में ही सीधे सेटों में 11-8, 11-8, 11-4 से पराजित कर फाइनल में कदम रखा।

फाइनल में तन्वी का मुकाबला शीर्ष वरीयता प्राप्त मिस्त्र की नूर खफागी से होगा। महिला वर्ग के दूसरे सेमी फाइनल मुकाबले में नूर खफागी ने जापान की अकारी मिरोडिकावा को चार सेटों तक चले संघर्ष में 11-6, 7-11, 11-8, 11-6 से शिकस्त दी। यह मुकाबला 32 मिनट चला। पुरुष वर्ग का फाइनल मुकाबला मिस्त्र के शीर्ष वरीयता के यासिन शोहदी और उनके ही हमवतन मोहम्मद गोहर के बीच होगा। यासिन शोहदी ने पहले सेमी फाइनल में अपनी वरीयता के अनुकूल प्रदर्शन करते हुए मलेशिया के सैफ रेफे को सीधे सेटों में 11-8, 11-7, 11-7 से शिकस्त दे फाइनल में जगह बनाई। दोनों के बीच यह मुकाबला 40 मिनट चला। वहीं पुरुष वर्ग के दूसरे सेमी फाइनल में मोहम्मद गोहर ने पांच सेटों तक चले कड़े संघर्ष में श्रीलंका के रविन्दु लस्करी को 12-10, 9-11, 11-7, 12-14, 11-6 से पराजित कर फाइनल में जगह बना ली।

शुक्रवार को दोपहर एक बजे महिला वर्ग का फाइनल होगा, जबकि पुरुष वर्ग का फाइनल 1.45 बजे से खेला जाएगा। समापन समारोह में राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी मुख्य अतिथि होंगे। राजस्थान खेल परिषद के सचिव राजेन्द्र सिंह सिसोदिया विशिष्ठ अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में एचसीएल ग्रुप के एवीपी एण्ड ब्रॉड हैड रजत चंदोलिया और स्क्वैश रैकेट फेडरेशन ऑफ इंडिया की उपाध्यक्ष सुरभि मिश्रा भी मौजूद रहेंगी।